# प्रेम विवाह पर भड़का विवाद, जमकर चले लाठी-डंडे

## मारपीट में दोनो पक्षों के लोग हुए घायल, वाहन हुए क्षतिग्रस्त, दोनों ओर से हुई एफआईआर दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महौली में दो परिवारों के बीच प्रेम विवाह को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। घटना 15 फरवरी की सुबह की है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर ली है।

बताया गया है कि मामले की शुरुआत 10 फरवरी को हुई, जब महौली निवासी एक युवती और एक युवक घर से बिना बताए चले गए। जानकारी के अनुसार, दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली है। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों और पक्षों के बीच तनाव व्याप्त था। इसी बीच रविवार को दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मुंगावली पुलिस थाने में एक पक्ष के फरियादी रामवीर दांगी ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने भाई शिवेंद्र के साथ खेत की ओर जा रहे थे, तब विजेंद्र यादव के घर के सामने मौजूद कमरसाहब यादव, ऊदल सिंह और मोहर सिंह ने उन पर तंज कसा और गालियां दीं। विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया गया। इसमें रामवीर की उंगली और शिवेंद्र की कलाई पर चाकू व डंडों से हमला किया गया। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष से ऊदल सिंह यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि रामवीर, शिवेंद्र, हरी सिंह और रामराज दांगी ने करीब आठ अन्य लोगों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला बोला। शिकायत के मुताबिक, आरोपी लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी लेकर घर में घुसे। इस दौरान कमरसाहब यादव पर कुल्हाड़ी और डंडों से प्रहार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ऊदल सिंह का आरोप है कि हमलावरों ने ट्रैक्टर से घर का मुख्य गेट और दीवार तोड़ दी, एक मोटरसाइकिल पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और घर में खड़ी तीन अन्य बाइकों में तोड़फोड़ की। इससे करीब 2-3 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मुंगावली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर आशाओं ने सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में दिया**

**पैमेंट भुगतान सहित रखी अन्य मांगे**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा आशा कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजर की 6 सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नाम सौंपा गया।

सोमवार को भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में सौपे गए ज्ञापन का वाचन संघ के जिला मंत्री शिशुपाल यादव द्वारा किया गया। जिसमें पिछले दो वर्षो से टीबीआई का भुगतान नहीं होने, योजना शुरू होने से आज तक, किसी भी आशा को आशा कल्याण कारी योजना का लाभ नहीं मिलने, पिछले दो वर्षो से आशा कार्यकर्ताओं को स्टेशनरी नहीं मिलने, इस वर्ष यूनिफॉर्म के पैसे नहीं मिलने, आयुष्मान कार्ड का पेमेंट नहीं होने एवं आशा एवं पर्यवेक्षकों का भुगतान नहीं मिलने की मुख्य मांगे शामिल थी। संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने के दौरान आशा एवं सुपरवाइजर महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल सहित अन्य मौजूद रहीं।

## एक नजर में



### गर्भवती महिलाओं को भेंट की सेहत की टोकरी

**अशोकनगर।** लीनेस क्लब सर्वमंगला ने महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल एवं गर्भवती महिलाओं को सेहत की टोकरी भेंट की। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा लीनेस अमिता खेर, चार्टर्ड अध्यक्षा लीनेस दिव्य प्रभा तायडे, कोषाध्यक्ष लीनेस परमीत सेठी, सचिव लीनेस अंजना अग्रवाल, सह सचिव लीनेस संपदा वैद्य, लीनेस नेहा अरोरा उपस्थित रहीं।

### सोवत में सोने-चांदी के जेवरात चोरी

**अशोकनगर।** कचनार थाना अंतर्गत ग्राम सोवत में एक घर में चोरों ने धावा बोलते हुए घर में रखे सोने चांदी के जेवरातों पर हाथ साफ लिया है। शारदा बाई पत्नि देवीसिंह रघुवंशी ने बताया कि विगत रात्रि में कोई व्यक्ति उसके घर में घुसा और उसमें रखे बक्से में सोने-चांदी के आभूषण चुरा ले गया गया। चुराये गए आभूषणों की राशि पुलिस अनुसार 70 हजार रूपये बताई गई है।

### फांसी के फंदे पर झूला 42 वर्षीय व्यक्ति

**अशोकनगर।** ईसागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में एक व्यक्ति ने अपने घर पर फांसी फंदे पर झूलकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत सिंह यादव पुत्र लालाराम यादव उम्र 42 वर्ष अपने घर पर फांसी फंदे पर झूल गया। मृतक ने किस कारण फांसी लगाई इसकी छानबीन में पुलिस जुटी हुई है।

# शिवपुरी की घटना पर फूटा अधिवक्ताओं का गुस्सा

## ज्ञापन सौंप की एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शिवपुरी जिले के करैरा में अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या के मामले में अधिवक्ताओं को गुस्सा फूट पड़ा। जिसके चलते सोमवार जिला अभिभाषक ने इस घटना का विरोध जताया और प्रतिवाद दिवस मनाते हुए प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर को तीन सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने बताया कि जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय सक्सेना की 14 फरवरी को मोटर साईकिल से कोर्ट जाते समय युनिफार्म में ही गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई है, जिससे समूचे प्रदेश के अधिवक्ता में आक्रोश है। जहां अभिभाषक संघ ने इस घटना की घोर निंदा की तो वहीं पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही कर आरोपियो को गिरफतार करने की सराहना भी की गई। साथ ही जिला अभिभाषक संघ द्वारा मांग की गई स्वर्गीय अधिवक्ता श्री सक्सेना के परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जावे, श्री सक्सेना के आश्रितों को सरकारी नौकरी दी जाने के साथ ही सरकार शीघ्र ही अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में जिले के अभिभाषक मौजूद रहे।



### वकीलों ने प्रतिवाद दिवस घोषित कर पीएम, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत चंदेरी।** करैरा में न्यायालय से जाते समय अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके विरोध में सोमवार को अभिभाषक संघ चंदेरी द्वारा न्यायालयींन कार्यों से विरत रहते हुए प्रतिवाद दिवस घोषित कर एसडीएम को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अंशुल श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि करैरा में अधिवक्ता श्री सक्सेना की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे संपूर्ण अभिभाषक संघ अपने आप को असहाय ,असुरक्षित महसूस कर रहा है। अधिवक्ताओं के साथ लगातार हो रही घटनाएं चिंता का विषय है। ज्ञापन में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट सहित पीड़ित परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी, मुआवजा और आरोपियों को कड़ी से कड़ी की सजा की मांग की गई।

# मुंगावली बार एसोसियेशन ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार



**नवभारत मुंगावली।** जिला करेरा में अधिवक्ता संजयकुमार सक्सेना की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर की गई नृशंस हत्या के विरोध में प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में जिला अभिभाषक संघ के सभी अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना की कड़ी निंदा की और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार अधिवक्ता सक्सेना मोटरसाइकिल से न्यायालय जा रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन्हें यूनिफॉर्म में ही गोली मार दी। इस जघन्य वारदात ने अधिवक्ता समुदाय को झकझोर कर रख दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे पहले भी अशोकनगर में एक अधिवक्ता पर न्यायालय से लौटते समय प्राणघातक हमला हो चुका है। प्रदेश में लगातार अधिवक्ताओं पर हो रहे हमलों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वही मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि स्वर्गीय अधिवक्ता के परिजनों को तत्काल एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, उनके आश्रित को शासकीय सेवा में समुचित नियुक्ति दी जाए तथा हत्या में शामिल सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही अधिवक्ताओं ने प्रदेश में अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू करने की मांग भी की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश के हजारों अधिवक्ता आंदोलन, अनशन एवं प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे।




# अच्छे संस्कार देकर ही बच्चों का किया जा सकता है सर्वांगीण विकास : हरवीर

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित मिशन नीव कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रमाण पत्र वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे।

विशेष अतिथि के रूप में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाह लीगल एड. डिफेंस कॉउंसिल के डिफ्टी चीफ विष्णु विरथरे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक रॉकेट लर्निंग मिशन नींव विपिन रघुवंशी ने की। अतिथियों के उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों के जीवन की शुरुआती अवस्था अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि कम उम्र में बच्चों को अच्छे संस्कार, सही दिशा और समुचित पोषण एवं शिक्षा प्रदान की जाए तो उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समाज की नींव मजबूत करने वाला स्तंभ बताते हुए उनके कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि हेमंत कुशवाह ने कहा कि बचपन में बच्चों को अच्छे अनुभव और अच्छा वातावरण उपलब्ध कराएं जिससे बच्चों में सामाजिक भावनात्मक विकास अच्छे से हो।

जिला समन्वयक रॉकेट लर्निंग मिशन नीव विपिन रघुवंशी ने मिशन नीव के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, खेल आधारित गतिविधियाँ और अभिभावकों की सहभागिता बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के दौरान मिशन नीव के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुकुल दुबे सम्मानित




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ग्राम कदवाया में विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय अशोकनगर के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा एवं सचिव हेमंत अनुरागी के निर्देशन में डीएलओ हेमंत कुशवाहा के मार्गदर्शन से कदवाया थाना में स्थापित लीगल एड क्लीनिक पर नियुक्त पैरालीगल वॉलेंटियर (पीएलवी) मुकुल दुबे को उनके उत्कृष्ट सामाजिक एवं विधिक सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

श्री दुबे ग्राम स्तर पर गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की समस्याओं और शिकायतों को विधिवत रजिस्टर में दर्ज कर उन्हें आवश्यक कानूनी सलाह प्रदान करते हैं तथा संबंधित विभागों को अवगत कराकर न्याय दिलाने का निरंतर प्रयास करते हैं। उनके सक्रिय सहयोग से ग्राम पंचायत कदवाया में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना हुई, जिससे ग्रामीणों को न्यायिक मार्गदर्शन सुलभ हो सका है। उनके समर्पण, ईमानदारी एवं समाज सेवा की भावना को देखते हुए ग्राम पंचायत सचिव मेहरबान सिंह लोधी, उपसरपंच अशोक शर्मा एवं रोजगार सहायक सतीश साहू द्वारा उन्हें शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

# देहात पुलिस ने मानसिक बीमार बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाया



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देहात पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार बुजुर्ग महिला को उसके परिजनों से मिलाने का सराहनीय कार्य किया है। इसके लिए पुलिस को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा, क्योंकि महिला अपने व अपने घर व रिश्तेदारों के बारे में असमर्थ थी।

दरअसल सोमवार को ग्राम राजतला से डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात बुजुर्ग महिला गांव में भटक रही है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है तथा अपने संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली की 112 एफआरव्ही-12, जिसमें ड्यूटीरत प्रधान आरक्षक अरुण पाल उपस्थित थे, तत्काल मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित थाना देहात लेकर आए। थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा महिला से नाम एवं निवास स्थान के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। महिला ने अपना नाम किशन बाई बताया तथा खिरियाटांका एवं आसपास के कुछ गांवों के नाम बताए, साथ ही यह भी बताया कि वह तालाब के पास रहती है। हालांकि वह अपने परिवार के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थीं। प्राप्त संकेतों के आधार पर चीता-3 को तुलसी सरोवर तालाब क्षेत्र में जानकारी जुटाने हेतु रवाना किया गया। साथ ही महिला का फोटो एवं नाम, उनके द्वारा बताए गए गांवों के सरपंचों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर पहचान कराने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात एक व्यक्ति द्वारा महिला की पहचान किशन बाई यादव निवासी ग्राम खिरियाटांका हाल निवासी डॉक्टर कॉलोनी के रूप में की गई तथा उनके पुत्र चन्द्रपाल सिंह पुत्र गोविन्द सिंह यादव की जानकारी उपलब्ध कराई गई। सूचना के आधार पर चीता-3 को डॉक्टर कॉलोनी भेजकर महिला के पुत्र से संपर्क किया गया और उन्हें थाने बुलाया गया। थाना देहात में पुत्र द्वारा महिला की पहचान अपनी माता के रूप में की गई और वह उन्हें अपने साथ ले गए। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात उपनिरीक्षक भुवनेश शर्मा, आरक्षक पुष्पेन्द्र जाट एवं महिला आरक्षक संध्या रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता के चलते बुजुर्ग महिला को परिजनों से मिलाने पर पुलिस के सराहना लोगों द्वारा की जा रहीं है।

**उत्साह**

**विदेशी मेहमानों ने देखा प्राचीन मंदिर और महल, बुनकरों की कारीगरी से हुए प्रभावित**

# विदेशी पर्यटको की चहल-पहल से रोशन हो रही ऐतिहासिक नगरी



**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी। मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक नगरी चंदेरी इन दिनों विदेशी पर्यटकों की चहल-पहल से जगमगा उठा है। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना रहे इस प्राचीन नगर में हाल ही में मोआकाला के साथ कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अमेरिका से आए पर्यटकों के दल ने मध्यप्रदेश पर्यटन के गाइड कल्लेभाई के साथ चन्देरी का भ्रमण किया। जहां विदेशी अतिथियों ने चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहर, स्थापत्य कला और प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन कर विशेष रुचि दिखाई।**

विदेशी पर्यटकों ने चंदेरी दुर्ग, प्राचीन मंदिरों, श्री चौबीसी जैन मंदिर ( तीर्थों,) मस्जिदों, मकबरों तथा मध्यकालीन इमारतों, राजमहल, दिल्ली दरवाज़ा की बारीक नक्काशी को देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने यहाँ के पारंपरिक चंदेरी वस्त्रों के साथ बुनकरों के पारंपरिक घरों को भी देखा और हस्तशिल्प का भी अवलोकन किया तथा स्थानीय बुनकरों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली को समझा। कई विदेशी मेहमानों ने चंदेरी साड़ी की सुंदरता और महीन बुनाई की प्रशंसा करते हुए इसे विश्वस्तरीय बताया। ग्रुप की लीडर मोआकाला के प्रतिनिधियों ने बताया कि विदेशी पर्यटक चंदेरी के इतिहास, संस्कृति और लोकजीवन को जानने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हैं। भ्रमण के दौरान उन्हें चंदेरी के प्राचीन मार्गों, जल संरचनाओं, शिलालेखों और गुफाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। पर्यटकों ने स्थानीय भोजन और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी लिया तथा लोगों के आतिथ्य से प्रभावित हुए। इस अवसर पर विदेशी अतिथियों ने कहा कि चंदेरी भारत की सांस्कृतिक विविधता, स्थापत्य सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत का जीवंत उदाहरण है तथा वे अपने देश लौटकर यहाँ के अनुभवों को साझा करेंगे।

# मंदिर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**महाशिवरात्रि के पर्व पर किया आयोजन**

**भंडारे में श्रद्धालुओं ने की प्रसादी ग्रहण**



**नवभारत न्यूज**

**शाढौरा।** महाशिवरात्रि के अवसर पर शाढौरा कस्बे में व आसपास क्षेत्रों जगह - जगह सुबह से मंदिरों में आरती और जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा, नगर पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंग गया। सुबह की पहली आरती के साथ ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक जारी रहीं। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और च्बम-बम भोले के जयघोष से गूंजते रहे। महिलाओं, युवक-युवतियों और बुजुर्गों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र और गंगाजल अर्पित किया वही जगह- जगह अखंड रामयण पाठ व भंडारे किए गए इसी तारतम्य में महा शिवरात्री के शुभ अवसर पर सोनी मंदिर राधा कृष्ण मंदिर पर स्वर्णकार समाज द्वारा विधि - विधान के साथ पूजा - अर्चना कर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमे अनेक श्रद्धालुओं ने आकर रामायण पाठ का वाचन किया और धर्म का लाभ लिया। मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा , अखंड रामायण पाठ के समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रादालू उपस्थित रहे।